Years 1920-2020
University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 14 September 2021

**JAGRAN CITY PAGE I**

## पीएचडी : 21 और विषयों के अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने रेगुलर फुल टाइम पीएचडी प्रवेश (सत्र 2020-21) की लिखित परीक्षा के आधार पर सोमवार को 21 और विषयों में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी। अभ्यर्थी लवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में पीएचडी प्रोग्राम में जाकर सूची देख सकते हैं। सर्वाधिक अभ्यर्थी हिंदी और लॉ विषय में सफल हुए हैं।

जूलाजी में 37, सोशियोलाजी में 106, स्टैटिस्टिक्स में 10, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 35, फिजिक्स में 45, पालिटिकल साइंस में 62, मैथमैटिक्स में 20, लिंग्विस्टिक में चार, लॉ में 189, हिस्ट्री में एमआइएच में 64, हिंदी में 207, जियोलाजी में 18, इंग्लिश में 77, एजुकेशन में 102, इकोनामिक्स में 79, कामर्स में 29, कंप्यूटर साइंस में 13, बाटनी में 42, बायो केमेस्ट्री में तीन व एप्लाइड इकोनामिक्स में 57 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए योग्य पाए गए हैं। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विषयवार साक्षात्कार की तिथियों की सूचना जल्द ही लवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर उपलब्ध होगी। रविवार को 12 विषयों में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी।

### लवि में पीजी प्रवेश परीक्षाएं खत्म

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए चल रही प्रवेश परीक्षाएं सोमवार को समाप्त हो गई। सुबह की पाली में सोशियोलाजी और सांख्यिकी की प्रवेश परीक्षाएं हुई। सोशियोलाजी में 379 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 126 ने परीक्षा छोड़ दी। सांख्यिकी में 227 में 171 अभ्यर्थी ही मौजूद थे। शाम की पाली में एमबीए/एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा में सबसे अधिक 1,628 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1,115 ने प्रवेश परीक्षा दी 513 अनुपस्थित रहे।

## लवि ने बनाई नई आंतरिक शिकायत समिति

**जासं, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने नई आंतरिक शिकायत समिति गठित कर दी है। इसमें प्रो. मधुरिमा प्रधान चेयरपर्सन, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की डा. श्रद्धा चन्द्रा, बायो केमेस्ट्री विभाग की डा. कुसुम यादव, साइकोलाजी विभाग की डा. मानिनी श्रीवास्तव, इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म स्टडीज के डा. अमर कुमार तिवारी, सांख्यिकी विभाग की शोध छात्रा आदित्य कुमारी, साइकोलाजी विभाग की पीजी की छात्रा कोमल, इसी विभाग के स्नातक के छात्र बालेन्द्र तिवारी और कर्मचारी मनीष वाल्मीकि शामिल हैं।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## यूजी-पीजी की कक्षाएं आज से फिर शुरू

### लविवि : पीजी प्रवेश परीक्षाएं संपन्न, परिसर को नो व्हीकल जोन बनाने की अपील

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की 6 सितंबर से शुरू हुई परास्नातक कोर्सों की प्रवेश परीक्षाएं सोमवार को संपन्न हुई। आखिरी दिन तीन कोर्सों की प्रवेश परीक्षा हुई। इसी क्रम में प्रवेश परीक्षाओं के कारण स्थगित चल रहीं यूजी-पीजी की भौतिक कक्षाएं मंगलवार 14 सितंबर से दोबारा नियमित होंगी, जिसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने आदेश जारी कर कहा है कि 14 सितंबर से यूजी-पीजी के विभिन्न विषयों की ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हो रही हैं। सभी विद्यार्थी आईकार्ड व मूल रसीद के साथ ही कैंपस में उपस्थिति होंगे। बाहरियों का कैंपस में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। शिक्षक, अधिकारी अपने विभाग के पास स्थित स्टैंड पर अपना वाहन पार्क कर परिसर में पैदल प्रवेश करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन परिसर को हरा-भरा बनाए रखने के लिए नो व्हीकल जोन बनाने का प्रयास कर रहा है, जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। दूसरी तरफ सोमवार को सुबह की पाली में 11 से 12.30 बजे तक सोशियोलॉजी और सांख्यिकी की प्रवेश परीक्षाएं आयोजित हुई। सोशियोलॉजी में 379 अभ्यर्थी उपस्थित और 126 अनुपस्थित रहे। सांख्यिकी में 171 अभ्यर्थी उपस्थित और 56 अनुपस्थित थे। शाम की पाली में एमबीए-एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1115 अभ्यर्थी उपस्थित और 513 अनुपस्थित थे।

### पीएचडी इंटरव्यू के लिए अभ्यर्थियों की सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को रेगुलर पीएचडी प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा के बाद सभी विषयों की इंटरव्यू के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। विवि प्रशासन के अनुसार अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन पेज पर जाकर इसे देख सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विषयवार इंटरव्यू की तिथि जल्द ही जारी की जाएगी।

## लवि में मेरिटोरियस काउंसिल के विद्यार्थियों का सम्मान



लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय (बीच में) ने मेरिटोरियस काउंसिल में शामिल विद्यार्थियों को सम्मानित किया • सौजन्य लवि

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के मुख्य परिसर में सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 16 छात्रों की मेरिटोरियस काउंसिल को सम्मानित किया। वर्ष 2020-21 में इन विद्यार्थियों ने शैक्षिक और मनोरंजक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभायी।

**इनका सम्मान:** अध्यक्ष विभांतिका द्विवेदी, उपाध्यक्ष विधि सिंह व हिमांशु राव, महासचिव आयुषी मिश्रा, संयुक्त सचिव चेतना सिंह व अंशिमा श्रीवास्तव, कला प्रतिनिधि अमन मिश्रा, शिक्षा प्रतिनिधि हीरा कुदसिया, इंजीनियरिंग प्रतिनिधि प्रसून गुप्ता, वाणिज्य प्रतिनिधि सविता पांडे, प्रबंधन प्रतिनिधि तुषार बिष्ट, विज्ञान प्रतिनिधि शिवांगी शुक्ला, सांस्कृतिक प्रतिनिधि निमिषा शुक्ला, साहित्य प्रतिनिधि मेधा मालवीय, मीडिया प्रतिनिधि अदिबा खान और खेल प्रतिनिधि शिवानी गुप्ता।

**RASHTRIYA SAHARA PAGE 5**

## 16 छात्रों की मेरिटोरियस परिषद सम्मानित

**लखनऊ।** कुलपति आलोक कुमार राय ने 16 छात्रों के मेरिटोरियस परिषद को सम्मानित किया। कुलपति ने परिषद के सदस्यों का संक्षिप्त परिचय लिया और छात्रों ने उनके साथ अपने विचार और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। कुलपति ने छात्रों से लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में अधिक भागीदारी के लिए भी कहा। सूची में विभांतिका द्विवेदी को अध्यक्ष, विधि सिंह को उपाध्यक्ष 1, हिमांशु राव को उपाध्यक्ष 2, आयुषी मिश्रा को महासचिव, चेतना सिंह को संयुक्त सचिव 1 के रूप में शामिल है।

## दो पालियों में हुई प्रवेश परीक्षाएं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2021-22 में स्नातकोत्तर स्तर पर चलने वाली विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु हो रहे प्रवेश परीक्षाओं के क्रम में सोमवार को दो पारियों में प्रवेश परीक्षाएं संपादित की गई। सुबह की पाली में सोशियोलॉजी और सांख्यिकी की प्रवेश परीक्षाएं संपन्न की गई। सोशियोलॉजी की प्रवेश परीक्षा में 379 अभ्यर्थी उपस्थित और 126 अनुपस्थित रहे। सांख्यिकी की प्रवेश परीक्षा में 171 अभ्यर्थी मौजूद थे और 56 अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में एमबीए/एमटीटीएम की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई जिसमें 1115 अभ्यर्थी मौजूद थे और 513 अनुपस्थित रहे।

## पीएचडी प्रवेश के अभ्यर्थियों की सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश (सत्र 2020-21) की परीक्षा के आधार पर सभी विषयों की विषयवार साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर सूची देख सकते हैं।

**TOI PAGE 4**

## LU to hold online classes only on students' request

Times News Network

**Lucknow:** The physical classes in Lucknow University were suspended on Monday due to the postgraduate entrance scheduled on the same day. The classes will resume from Tuesday.

Since the decision to suspend classes came at the 11th hour, a few students turned up on the campus for classes on Monday.

Meanwhile, officials said only physical classes will be held on the campus.

Those who cannot attend physical classes due to any reason will be given the online option only if a number of students of their respective course request for the same.

"All the students will be allowed an entry through identity cards or if the ID card is not there they have to show the fee receipt. Both sanitization and fogging of the campus have been done to protect students from Covid-19 and dengue respectively," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

He said Covid-19 norms would be strictly followed and no student would be allowed to enter campus or classroom without masks. The university will also install foot-operated sanitizer dispensers at libraries, common rooms, hostels and laboratories.

Srivastava said students won't be allowed to use vehicles inside the campus and they will have to park them at vehicle zones made at gates 1, 2, 4 and 5.